## समाचार

# 22 मार्च को 08 स्थानों में लगेंगे मोबाईल मेडिकल यूनिट शिविर

कोरबा 21 मार्च 2022 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत संचालित 08 मोबाईल मेडिकल यूनिट मंगलवार 22 मार्च को विभिन्न 08 वार्डो में पहुंचकर निर्धारित स्थलों पर कैम्प करेंगी तथा नागरिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त इलाज व दवाओं का वितरण करेगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 22 मार्च मंगलवार को वार्ड क्र. 07 पोखरीपारा आंगनबाड़ी, वार्ड क्र. 16 कोहड़िया साहू मोहल्ला, वार्ड क्र. 29 पोड़ीबहार सामुदायिक भवन, वार्ड क्र. 34 फायर कालोनी मंच, वार्ड क्र. 41 परसाभांठा कांजीहाउस के पास, वार्ड क्र. 48 इंदिरानगर सुमेधा, वार्ड क्र. 59 विकासनगर आंगनबाड़ी, वार्ड क्र. 67 गजरा क्र. 02 आंगनबाड़ी के पास कैम्प लगाए जाएंगे।